[B.A. B.Ed./B.Sc. B.Ed.]

Eligibility : - 10+2

**4 Year Course**

### Schedule

**For Third Counselling Integrated-2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन काउंसलिंग हेतु रजिस्ट्रेशन शुल्क 5000/- ऑनलाइन/ ई-मित्र के माध्यम से जमा करवाना | 04-Sep-2025 to 10-Sep-2025 |
| 2. | महाविद्यालय चयन हेतु ऑनलाइन विकल्प भरना (केवल वह अभ्यर्थी जो पंजीकरण शुल्क रु 5000/- जमा करवा चुके हैं) | 06-Sep-2025 to 18-Sep-2025 |
| 3. | तृतीय काउंसलिंग पश्चात आवंटित महाविद्यालय की सूचना | 23-Sep-2025 |
| 4. | प्रवेश हेतु शेष शुल्क रु. 22000/- बैंक ऑनलाइन ई-मित्र के माध्यम से जमा करवाना। | 23-Sep-2025 to 01-Oct-2025 |
| 5. | तृतीय काउंसलिंग पश्चात आवंटित महाविद्यालय में व्यक्तिशः रिपोर्ट | 23-Sep-2025 to 03-Oct-2025 |

**For Second Counselling Integrated-2025**

[B.Ed.]

Eligibility : - Graduation

**2 Year Course**

### Schedule

**For Third Counselling PTET-2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन काउंसलिंग हेतु रजिस्ट्रेशन शुल्क 5000/- ऑनलाइन/ ई-मित्र के माध्यम से जमा करवाना | 04-Sep-2025 to 10-Sep-2025 |
| 2. | महाविद्यालय चयन हेतु ऑनलाइन विकल्प भरना (केवल वह अभ्यर्थी जो पंजीकरण शुल्क रु 5000/- जमा करवा चुके हैं) | 06-Sep-2025 to 18-Sep-2025 |
| 3. | तृतीय काउंसलिंग पश्चात आवंटित महाविद्यालय की सूचना | 23-Sep-2025 |
| 4. | प्रवेश हेतु शेष शुल्क रु. 22000/- बैंक ऑनलाइन ई-मित्र के माध्यम से जमा करवाना। | 23-Sep-2025 to 01-Oct-2025 |
| 5. | तृतीय काउंसलिंग पश्चात आवंटित महाविद्यालय में व्यक्तिशः रिपोर्ट | 23-Sep-2025 to 03-Oct-2025 |

**For Second Counselling PTET-2025**

### Important Notifications

- पत्र सूचना
- **BA B.Ed. एवं B.Sc. B.Ed. 04 वर्षीय : आवेदन संशोधन हेतु अधिसूचना जारी**
- **BA B.Ed. एवं B.Sc. B.Ed. 04 वर्षीय प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25-05-2025 तक की जाती है ।**
- **Notification for Date Extend PTET- 4 Year**
- **PTET 2025: आवेदक का नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि, फोटो एवं हस्ताक्षर में परिवर्तन/सुधार आवेदन संशोधन हेतु अधिसूचना जारी**
- **4 वर्षीय बी.ए.बी.एड./बी.एससी.बी.एड. प्रवेश परीक्षा आदेश**
- **PTET 2025: आवेदन संशोधन हेतु अधिसूचना जारी**
- **Notification for Date Extend PTET-2025**
- **Notification for Date Extend PTET-2025**
- **Notification for Date Extend PTET-2025**
- **Notification for Date Extend PTET-2025**
- **Subject Combination for PTET-2025**
- **Notification PTET-2025**

Admin Login | Office Login

प्राचार्य
केशव महाविद्यालय
अटरू, जिला बारां (राज०)

# पी.टी.ई.टी. परीक्षा-2025 हेतु सामान्य नियम एवं मार्गदर्शन

राजस्थान के विभिन्न महाविद्यालयों में बी.एड पाठ्यक्रमों में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए एक प्रतियोगी परीक्षा (पीटीईटी-2025) वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के द्वारा राजस्थान सरकार के द्वारा प्रदत्त नियमों के अनुसार आयोजित होगी।

## दो वर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु नियम

1. राजस्थान के बी.एड महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु पी.टी.ई.टी.-2025 परीक्षा करवाई जायेगी। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं, जिसका शुल्क 500/- रुपये है। अभ्यर्थी आवेदन 07 अप्रैल, 2025 तक कर सकेंगे।
2. वे आवेदक जिन्होंने विधि द्वारा स्थापित किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक/ स्नातकोत्तर परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक उत्तीर्ण की है, जो राजस्थान राज्य के विश्वविद्यालयों की स्नातक/ स्नातकोत्तर परीक्षा के समतुल्य मानी गई हो। अनु. जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग वर्ग, विधवा, परित्यक्ता महिला अभ्यर्थियों (**सभी आरक्षित श्रेणी केवल राजस्थान राज्य के मूल निवासी**) के लिए वांछनीय योग्यता स्नातक अथवा स्नातकोत्तर परीक्षा में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक है। न्यूनतम प्रतिशत में किसी भी प्रकार की छूट नही है (एक अंक की भी नहीं)।
3. एकल बैठक (Single Sitting) परीक्षा पद्धति से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी चाहे उन्होंने बाद में स्नातकोत्तर परीक्षा भी उत्तीर्ण क्यों न कर ली हो, पी.टी.ई.टी.-2025 हेतु पात्र नहीं है, इसी प्रकार वे अभ्यर्थी जिन्होंने 10+2+3 या 10+1+3 परीक्षा पद्धति से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है वे भी पात्र नहीं हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा से बीएपी/बीसीपी/बीएससीपी परीक्षा उत्तीर्ण की है और तत्पश्चात तीन साल की स्नातक उत्तीर्ण की है, वे पी.टी.ई.टी.-2025 प्रवेश परीक्षा और योग्यता के अनुसार प्रवेश के लिए पात्र होंगे।
4. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप चार वर्षीय स्नातक डिग्री धारी भी इस परीक्षा हेतु पात्र है।
5. बी.ए./बी.कॉम/बी.एससी./शिक्षा शास्त्री परीक्षा के अन्तिम वर्ष या एम.ए./एम.कॉम/एम.एस.सी/आचार्य के अन्तिम वर्ष के अभ्यर्थी भी पी.टी.ई.टी.-2025 परीक्षा हेतु योग्य हैं, बशर्ते वे काउंसलिंग में पंजीकरण की अन्तिम तिथि से पूर्व अर्हता परीक्षा की अंकतालिका जमा करवा दे।
6. पी.टी.ई.टी.-2025 में प्राप्तांक के आधार पर योग्यता सूची नियमानुसार तैयार की जायेगी।
7. ऑनलाइन काउंसलिंग हेतु शुल्क रुपये 5000/- है। यह राशि कुल फीस में समायोजित की जायेगी। ऑनलाइन काउसलिंग में भाग लेकर संबंधित कॉलेज में रिपोटिंग नहीं करने पर जमा राशि में से रूपये 200/- की कटौती की जायेगी तथा यदि विद्यार्थी शुल्क 22000/- जमा करवा देता है तथा तत्पश्चात कॉलेज रिपोटिंग नहीं करता है तब रूपये 600/- कटौती की जायेगी।
8. प्रत्येक संकाय (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) में उपलब्ध कुल सीटों में राजस्थान राज्य के मूल अभ्यर्थियों के लिए राज्य सरकार के नियमानुसार आरक्षण की स्थिति निम्नानुसार होगी:-

प्राचार्य
केशव महाविद्यालय
अटरू जिला बारां (राज०)